सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

********

नई दिल्ली, दिनांकः 02 अगस्त, 2021

कार्यालय ज्ञापन

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित जून, 2021 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अरूप श्याम

(अरूप श्याम चौधुरी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23095091

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
14. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
15. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
16. श्री रजत कुमार मिश्रा, अपर सचिव (बजट), आर्थिक कार्य विभाग।
17. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।

18. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष। वरिष्ठ सलाहकार (सीएंडएसी/एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/संयुक्त सचिव (बीसी एण्ड आईईआर)/संयुक्त सचिव(निवेश)/ सलाहकार (आईईआर)/सीएएए।

19. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

20. गार्ड फाइल – 2021

सं. ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

**विषय: जून, 2021 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

## 1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी जीडीपी के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, 2019-20 में 4.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2020-21 में 7.3 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि होने का अनुमान है। हालांकि 2020-21 की दूसरी छमाही (एच 2) के बाद से देखी गई आर्थिक सुधार की गति को कोविड-19 की दूसरी लहर द्वारा नियंत्रित किया गया है। पहली लहर के विपरीत, दूसरी लहर की शुरुआत में इस का प्रभाव राज्यों में और व्यापक प्रसार विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में अतुल्यकालिक रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार के समन्वय के साथ स्वास्थ्य अवसंरचना के तीव्र पुरुत्थान तथा "टैस्ट, ट्रैक, ट्रीट, टीकाकरण तथा कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार" हेतु विभेदित राज्य-स्तरीय नीति प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। कृषि संबंधी वृद्धि में निरन्तर गति के लिए अच्छे मानसून का पूर्वानुमान लगाया गया। राज्य-स्तरीय लॉकडाउन प्रतिबंध पहली लहर से सीख के अधिक अनुकूल होने के साथ, विनिर्माण और निर्माण गतिविधियों को चालू तिमाही में संयत आर्थिक झटके का अनुभव होने की उम्मीद है। भारत में महामारी के प्रभाव को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर टीकाकरण की गति और प्रसार में तेजी लाना महत्वपूर्ण है। क्षेत्र-वार वृद्धि दर अनुबंध में सारणी में दी गई है।

## 2. अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम

i. भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) के परामर्श से, जी-सेक निपटान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और मार्जिन आवश्यकताओं को पूरा करने तथा व्यापारों की रिपोर्टिंग हेतु विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के लिए प्रचालनात्मक लचीलापन प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण उपायों की शुरुआत की है।

ii. प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I (एडी- I) बैंकों को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) की ओर से अपने क्रेडिट जोखिम प्रबंधन ढांचे के भीतर गुंजाइश रखने की अनुमति दी गई है और नेगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम पर ओवर-द-काउंटर लेनदेन की रिपोर्टिंग के लिए विंडो-ऑर्डर मैचिंग (एनडीएस-ओएम) को तीन घंटे तक बढ़ा दिया गया है।

iii. आईएफएससी को आईएनआर में अपतटीय व्यापार के लिए एक हब के रूप में स्थापित करने पर समिति की रिपोर्ट आईएफएससीए द्वारा जारी की गई थी।

iv. मिजोरम स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए दिनांक 17 जून, 2021 को 32 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण राशि के साथ-साथ कानूनी अनुबंधों पर विश्व बैंक

(आईबीआरडी) के साथ हस्ताक्षर किए गए थे। इस परियोजना का लक्ष्य मिजोरम में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रबंधन क्षमता तथा गुणता में सुधार करना है।

v. सिक्किम मुख्य जिला सड़क उन्नयन परियोजना के लिए 2.5 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि के परियोजना तत्परता वितपोषण ऋण पर नई दिल्ली में दिनांक 3 जून, 2021 को एशियाई विकास बैंक के साथ हस्ताक्षर किए गए थे।

vi. तमिलनाडु औद्योगिक संयोजकता परियोजना के लिए 484 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण राशि पर नई दिल्ली में दिनांक 16 जून, 2021 को एशियाई विकास बैंक के साथ हस्ताक्षर किए गए थे।

vii. माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से जून, 2021 के दौरान 50 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता (एलओसी) को फिलीस्तीन सरकार के लिए बढ़ाया गया था।

viii. भारत ने आईएमएफ कोटा फॉर्मूले (25 जून, 2021 को आईएमएफ बोर्ड की बैठक में 16वें जीआरक्यू के तहत अनौपचारिक चर्चा के हिस्से के रूप में) पर अपने ऐतिहासिक निश्चित निर्णय अवगत कराया है, अर्थात 4 कारकों, जो कोटा शेयरों के लिए फॉर्मूला निर्धारित करते हैं। 'जीडीपी' को अधिकतम भार के साथ प्रबल होना चाहिए, 'स्वैच्छिक योगदान' को शामिल नहीं किया जाना चाहिए, 'सुलेखन' और 'संपीडन कारक' में यथास्थिति होनी चाहिए।

3. **जून, 2021 के दौरान आयोजित महत्त्वपूर्ण बैठकें:**

i. माननीय वित्त मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

क. वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अवसंरचना परियोजनाओं, पूंजीगत व्यय योजना के कार्यान्वयन तथा 4 जून, 2021 को रेल मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय (उनके केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों सीपीएसई सहित) के लिए रूपरेखा की समीक्षा तथा उस पर चर्चा करने के लिए।

ख. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अवसंरचना परियोजनाओं, पूंजीगत व्यय योजना के कार्यान्वयन तथा 11 जून, 2021 को टेलीकॉम विभाग, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) तथा परमाणु ऊर्जा विभाग के लिए रूपरेखा की समीक्षा तथा उस पर चर्चा करने के लिए।

घ. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अवसंरचना परियोजनाओं, पूंजीगत व्यय योजना के कार्यान्वयन तथा 29 जून, 2021 को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय एमओएचयूए), इस्पात मंत्रालय, पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी) तथा उस पर चर्चा करने के लिए।

ii. माननीय वित्त मंत्री ने 24 जून, 2021 को हुई अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के साथ बैठक में भाग लिया।

iii. माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से, भारत ने 25 जून, 2021 को आईएमएफ बोर्ड की बैठक के दौरान स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक पुनर्बहाली को समर्थन देने के लिए कम आय वाले देशों (एलआईसी) के लिए नए एसडीआर आबंटन पर चर्चा को समर्थन देने पर सहमति व्यक्त की।

iv 14 जून, 2021 को सचिव (ईए) की अध्यक्षता में की गई सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) की 104वीं बैठक में पीपीपी मोड पर यात्री रेल प्रचालनों हेतु रेल मंत्रालय की परियोजना प्रस्ताव का पुनर्वैधीकरण करके अंतिम अनुमोदन दिया गया।

v. अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग ने दिनांक 22 जून, 2021 को हुई आर्थिक कार्य विभाग की अनुवीक्षण समिति की 117वीं बैठक की अध्यक्षता की जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंक/द्विपक्षीय एजेंसियों द्वारा वित्तपोषण के प्रस्तावों पर विचार किया।

vi. अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग ने भारत विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक, ईडी के वरिष्ठ सलाहकार एवं निदेशक (एफबी) के साथ 28-30 जून, 2021 तक आईडीए-20 की द्वितीय पुनःपूर्ति बैठक में भाग लिया।

vii. वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग ने 17 जून एवं 22 जून, 2021 को वित्तीय स्थिरीकरण बोर्ड (एफएसबी) परिपूर्ण की दो बैठकों में कोविड-19 के सनक, वर्तमान दृष्टिकोण, पर्यावरण से जुड़े वित्तीय जोखिमों की रिपोर्ट की समीक्षा करना एवं मानदंड सुधारों के कार्यान्वयन की प्रगति की रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए भाग लिया।

viii. वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, डीईए ने 3 जून, 2021 को हुई वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की बैठक में भाग लिया जो सदस्यों की कार्य प्रणाली, अनुभव एवं गैर-न्यायिक ऋण अनुमानों (ओसीडब्ल्यू) और वित्तीय स्थिरीकरण के प्रभावों का निरीक्षण करके कोविड-19 के प्रति प्रतिक्रियात्मक प्रयासों को समर्थन देने के विषय पर एक समान समीक्षा कर रही है।

ix डीईए ने सामाजिक विकास संस्थान बोर्ड निदेशकों (एसडीएफ) की 13वीं वित्तीय एवं लेखा-परीक्षा समिति की बैठक में भाग लिया जो 8 जून, 2021 को वर्चुली हुई थी।

x डीईए ने एसडीएफ बोर्ड के निदेशकों की 34वीं बैठक में भी भाग लिया जो 9 से 10 जून, 2021 को हुई थी।

xi. 18 जून, 2021 को जी-20 सतत् वित्त कार्य समूह की दूसरी बैठक हुई थी। आर्थिक कार्य विभाग से उप-महानिदेशक ने भारतीय रिजर्व बैंक के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

xii. दिनांक 17 जून, 2021 को राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना लिमिटेड (एनआईआईएफएल) के बोर्ड सदस्यों की बैठक हुई थी।

xiii. दिनांक 22 जून, 2021 को भारत एवं कनाडा के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) हुई।

xiv. दिनांक 23-24 जून, 2021 को एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड के निदेशकों की बैठक हुई थी।

xv. दिनांक 23 जून, 2021 को अफ्रीकी विकास बैंक (एएफडीबी) की वार्षिक बैंक हुई थी।

xvi. दिनांक 25 जून, 2021 को कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय निधि (आईएफएडी) की त्रिपक्षीय संविभाग समीक्षा बैठक हुई थी।

xvii. दिनांक 29 जून, 2021 को न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) को बोर्ड के निदेशकों की 31वीं बैठक हुई थी।

xviii. दिनांक 30 जून, 2021 को आईएफएडी की 113वीं मूल्यांकन समिति की बैठक हुई थी।
xix दिनांक जून, 2021 में आर्थिक कल्याण पर सशक्त समूह (ईजीईडब्ल्यू) की चार बैठकें हुई थी।

3. **न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**
विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

4. **एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न किया जाना**
शून्य।

5. **विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति**
विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षाः 17

***

<u>अनुबंध</u>

**सारणी 1: आर्थिक कार्यकलाप के बुनियादी मूल्यों पर जीवीए और बाजार मूल्यों पर जीडीपी की वृद्धि (प्रतिशत में)**

| क्षेत्र | स्थिर मूल्यों पर वृद्धि दर (2011-12) (प्रतिशत में) | |
|---|---|---|
| | **2019-20** प्रथम संशोधित अनुमान | **2020-21** अनंतिम अनुमान |
| कृषि, वानिकी एवं मत्स्य | **4.3** | **3.6** |
| उद्योग | **-1.2** | **-7.0** |
| खनन और उत्खनन | -2.5 | -8.5 |
| विनिर्माण | -2.4 | -7.2 |
| विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 2.1 | 1.9 |
| निर्माण | 1.0 | -8.6 |
| सेवाएं | **7.2** | **-8.4** |
| व्यापार, होटल, परिवहन भंडारण | 6.4 | -18.2 |
| वित्तीय, रियल स्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 7.3 | -1.5 |
| लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 8.3 | -4.6 |
| बुनियादी मूल्यों पर जीवीए | **4.1** | **-6.2** |
| बाजार मूल्यों पर जीडीपी | **4.0** | **-7.3** |

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), एमओएसपीआई।
टिप्पणी : सं.अनु.: संशोधित अनुमान, अ.अनु.: अनंतिम अनुमान।

**सारणी 2: जीडीपी की मांग में वार्षिक वास्तविक वृद्धि और इसके घटक (प्रतिशत में)**

| घटक | **2019-20** | **2020-21** |
|---|---|---|
| | प्रथम संशोधित अनुमान | अनंतिम अनुमान |
| कुल खपत | 5.9 | -7.3 |
| सरकारी खपत | 7.9 | 2.9 |
| निजी खपत | 5.5 | -9.1 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | 5.4 | -10.8 |
| निर्यात | -3.3 | -4.7 |

| | | |
|---|---|---|
| आयात | -0.8 | -13.6 |
| जीडीपी | **4.0** | **-7.3** |
| स्रोत : राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), एमओएसपीआई।<br>टिप्पणी : सं.अनु.: संशोधित अनुमान, अ.अनु.: अनंतिम अनुमान। | | |

| सारणी 3 : मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | **मई, 2020** | **अप्रैल, 2021** | **मई, 2021** |
| **सीपीआई-सी** | 6.27 | 4.23 | 6.30 |
| **डब्ल्यूपीआई** | (-) 3.37 | 10.49 | 12.94 |

स्रोत: सीपीआई-सी के लिए एनएसओ और डब्ल्यूपीआई के लिए ओईए, डीपीआईआईटी

टिप्पणी: 1. पिछले दो महीने के डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

2. मई, 2020 माह के लिए सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अभ्यारोपित की गई है जोकि कोविड-19 महामारी के कारण सीमित अवलोकनों पर आधारित है।

| सारणी 4: मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | **18.6.2021** |
| नीति रेपो दर | 4.0 |
| दस वर्ष की सरकारी प्रतिभूति के समकक्ष उपज | 6.25 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि * | 5.7 |
| टिप्पणी : # 04.6.2021 की स्थिति के अनुसार | |

| सारणी 5: व्यापारिक माल व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क के आधार पर)(बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| **मई 2020** | 19.0 | 22.2 | (-) 3.2 |
| **मई 2021** | 32.3 | 38.6 | (-) 6.3 |

| सारणी 6: व्यापार निष्पादन सेवाएं (बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| **अप्रैल, 2021** | 17.6 | 9.9 | 7.7 |

स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 15.06.2021 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम आंकड़े।

| सारणी 7 : भुगतान शेष | | |
|---|---|---|
| मदें | **2019-20** (अप्रैल- | **2020-21** (पी) (अप्रैल- |

| | दिसम्बर) | दिसम्बर) |
|---|---|---|
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डालर में) | -25.1 | 32.4 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत में) | -1.2 | 1.7 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | | |

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डालर में) | |
|---|---|
| **मार्च 2020** | 477.8 |
| **18.6.2021** | 603.9 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | |

| सारणी 9 : भारतीय रुपए की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डालर | पाउंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| **7.6.2021** | 72.8087 | 102.7942 | 88.5087 | 66.4900 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | | | | |

| सारणी 10 : विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डालर) | | | |
|---|---|---|---|
| | दिसम्बर, 2019 पीआर के अंत तक **(1)** | दिसम्बर, 2020 पी के अंत तक **(2)** | प्रतिशत भिन्नता **[(2/1)-1]*100** |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 564.0 | 563.5 | -0.08 |
| स्रोत: दिसम्बर, 2020 के अंत तक विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट, आर्थिक कार्य विभाग | | | |

| सारणी 11 : औद्योगिक उत्पादन के मुख्य बिंदु (वर्ष-दर-वर्ष प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | **फरवरी 2020** | **मार्च 2020** | **अप्रैल 2020** |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | 5.2 | (-) 18.7 | (-) 57.3 |
| मासिक वृद्धि | **फरवरी 2021** | **मार्च 2021** | **अप्रैल 2021** |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | (-) 3.4 | 22.4 | 134.4 |

| सारणी 12 : आठ प्रमुख उद्योग (वर्ष-दर-वर्ष प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | **मार्च 2020** | **अप्रैल 2020** | **मई 2020** |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | (-) 8.6 | (-) 37.9 | (-) 21.4 |
| मासिक वृद्धि | **मार्च, 2021** | **अप्रैल, 2021** | **मई, 2021** |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | 11.4 | 56.1 | 16.8 |

*****